कुलानुशांसक कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय

दिनांक :13.09.2021

प्रेस–विज्ञप्ति

लखनऊ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र–2021–2022 के स्नातक एवं परास्नातक कक्षा के विभिन्न विषयों में आफलाइन पठन–पाठन कार्य आगामी दिनांक 14.09.2021 से प्रारम्भ हो रहा है । अतएव लखनऊ विश्वविद्यालय के उभय परिसर में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से निम्नलिखित व्यवस्था की जाती है :–

1. छात्र–छात्रायें अपने छात्रत्व की पुष्टि स्वरूप कोई अभिलेख या परिचय–पत्र/शुल्क जमा करने की मूल रसीद साथ लेकर आयेंगे, तथा विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान माँग करने पर प्रस्तुत करेंगे ।
2. शैक्षणिक परिसर में बाहरी विद्यार्थियों/व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया निषेध रहेगा । बिना किसी उपयुक्त कारण के परिसर में घूमने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समुचित कार्यवाही की जायेगी ।
3. इस कार्यालय द्वारा निर्गत वाहन पास धारक द्वार संख्या 02 से आगमन एवं प्रस्थान करेंगें ।
4. शिक्षकों/अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह है कि वह अपने विभाग के समीप स्थित वाहन स्टैण्ड पर अपना वाहन रखने के उपरान्त परिसर में प्रवेश करने का कष्ट करें ।
5. छात्र–छात्रायें अपने वाहन मुख्य परिसर स्थित निर्धारित वाहन–स्टैण्डों द्वार संख्या 01, 02, 04 एवं 05 पर रखने के उपरान्त शैक्षणिक परिसर में पैदल प्रवेश करेंगे ।
6. छात्र–छात्रायें कोविड–19 के नियमों एवं परिनियमों का अनुपालन करेंगे ।
7. लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शैक्षणिक परिसर को स्वच्छ एवं हरित परिसर के साथ–साथ **"वाहन निषिद्ध क्षेत्र" (No Vehicle Zone)** बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है ।
8. उभय परिसर में आग्नेयास्त्रों (वैधानिक एवं अवैधानिक) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा ।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त व्यवस्था का अनुश्रवण कर विश्वविद्यालय प्रशासन का यथेष्ठ सहयोग करने का कष्ट करें ।

(प्रो0 दिनेश कुमार)

संख्या : 1410–1460 दिनांक : 13.09.2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. समस्त संकायाध्यक्ष को इस आशय के साथ कि समस्त विभागाध्यक्षों को उक्त आशय की सूचना प्रसारित करने का कष्ट करें ।
4. मुख्य अभिरक्षिका,, लखनऊ विश्वविद्यालय, छात्रावास, लखनऊ ।
5. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद्, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
6. निदेशक, समस्त संस्थान/समस्त पुस्तकालयाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
7. अपर कुलानुशासक, लखनऊ विश्वविद्यालय, द्वितीय परिसर, लखनऊ ।
8. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
9. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
10. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त समाचार–पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
11. इंचार्ज वेबसाहट को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को भी प्रेषित :–

1. जिलाधिकारी, लखनऊ ।
2. अपर जिलाधिकारी (नगर–टी0जी0) लखनऊ ।
3. अपर नगर मैजिस्ट्रेट, (पंचम), लखनऊ ।
4. पुलिस आयुक्त, लखनऊ ।
5. पुलिस उप आयुक्त (उत्तरी), लखनऊ ।
6. अपर पुलिस उप आयुक्त (ट्राँस गोमती) लखनऊ ।
7. सहायक पुलिस आयुक्त, महानगर,/अलीगंज, लखनऊ ।
8. प्रभारी निरीक्षक, हसनगंज/जानकीपुरम लखनऊ ।
9. प्रभारी, पुलिस चौकी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

13/9/2021

(प्रो0 दिनेश कुमार)
कुलानुशासक
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ